## खूंटी नगर पंचायत की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं नागरिक

# दो घंटे तक जाम में फंसे रहे स्कूली बच्चे, वाहनों की लगी कतार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** शहर के लोगों के साथ ही स्कूली बच्चों को भी गुरुवार को खूंटी नगर पंचायत की लापरवाही का खमियाजा भीषण जाम के रूप में भुगतना पड़ा। जिला मुख्यालय के भगत सिंह चौक (नीचे चौक) के पास सड़क पर बने गड्ढे में एक टैंकर फंस गया और शहर की पूरी टैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी। लगभग दो-तीन घंटे तक रांची-खूंटी रोड, चाईबासा रोड, सिमडेगा रोड, कर्रा रोड सहित अन्य सभी सड़कों में वाहनों की लंबी कतार लगी रही। जाम के कारण छोटे-छोटे स्कूली बच्चें दो घंटे तक जाम में फंसे रहे। बाद में समाजेसेवी दिलीप मिश्रा, खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रियांक भगत, विश्वजीत देवघरिया आदि ट्रक के सहारे गड्ढे में फंसे टैंकर को निकलवाया और वाहनों का निकालने में के प्रयास सें लगे। बाद में थाना प्रभारी मोंहन कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी भी जाम खत्म कराने में जुट गये। नागरिरकों का कहना है कि हर दिन शहर के प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारी के साथ ही नगर पंचायत के अधिकारी हर दिन उसी गड्ढे को पार कर आते-जाते हैं, लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नही दिया। नागरिकों का कहना है कि गड्ढा कोई नया नहीं बना है, पर यहा पर सड़क को ठीक कराने में किसी ने रुचि नहीं दिखाई। बाईपास सड़क नहीं होनें का खमियाजा भुगत रहे लोग खूंटी के जिला बनने के बाद खूंटी शहर में भीड़ काफी ढ़ गयी है। लोग यहा के सांसद और विधायक से बाईपास सड़क की मांग करते आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के पहले तत्कालीन केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद आनन-फानन में बाईपास सड़क के निमार्णा का शिलान्यास किया था, लेकिन अब तक न तो इसके लिए भूमि अधिग्रहण किया गया और न ही कोई कोई ठोस पहल की गयी। वर्तमानन सांसद कालीचरण मुंडा ने भी चुनाव प्रचार के दौरान लोगों को आश्वस्त कियाा था कि बाईपास सड़क का निर्माण उनकी प्राथमिकता में है। जो भी हो, बाईपास सड़क खूंटी कें लोगों के लिए अभी दूर की कौड़ी है।

### नो इंट्री की मांग प्रशासन ने नहीं सुनी

खूंटी शहर की चरमराती ट्रैफिक व्यवस्था पर खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स कें ज्योति सिंह नने कहा कि चैंबर ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर खूंटी शहर में स्कूल अवधि में खूंटी शहर में बड़े वाहनों के लिए नो इंट्री की मांग की थी। जिस समय स्कूली बच्चों की भीड़ सड़कों पर रहती है, उस समय टैंकर औन अन्य वड़े वाहन सड़कों पर दौड़ते रहते हैं। इसके कारणा कई बार दुर्घटना भी हो चुकी है।

# संवेदनशील मतदान केंद्रों को चिह्नित करें अधिकारी : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** झारखंड निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने मतदान केंद्रों की वल्नरेबल मैपिंग को लेकर गुरुवार को जिले के सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी कें साथ संग बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को मतदान केंद्रों का जायजा लेने और क्षेत्र के मतदाताओं से जानकारी प्राप्त कर वल्नरेबल मैपिंग यानी संवेदनशील मतदान केंद्रों को चिह्नित करने का निर्देश दिया। साथ ही इस पूरी प्रक्रिया का रजिस्टर मेंटेन करने को भी कहा। कहा कि पदाधिकारी प्राथमिकता के आधार पर वल्नरेबल मैपिंग का कार्य करें और जल्द पूरी रिपोर्ट साझा करें। बैठक में पुलिस पदाधिकारी को थानों में दर्ज धारा 107, 110, सीएए समेत अन्य धाराओं के तहत की जानेवाली कार्रवाई को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बीएलए नियुक्त करने को कहा गया। साथ ही अपने स्तर से मतदाता सूची को वेरीफाई करने को कहा गया, जिससे छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराया जा सके। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला स्थापना उप समाहर्ता, सभी सेक्टर पदाधिकारी, सभी सेक्टर पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो का जोरदार स्वागत



नये अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का स्वागत करती इंदिरा देवी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी ने स्वागत किया। कांग्रेस नेत्री सह प्रदेष सचिव इंदिरा देवी के नेतृत्व में कांके विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के दिल्ली से रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया और उनका नागरिक अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर खलारी प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी, कांके प्रखंड अध्यक्ष संजय खान बुढ़मू प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहू, जाकिर अंसारी, सलामत अंसारी, बिनोद मुंडा, उस्मान खान, मदन महतो, गुलजार अहमद, बिनोद साव, मुस्ताक आलम, सरताज सुरेश मुंडा, राजेंद्र मुंडा, रूपेश मिश्रा, उदुश अंसारी, नीलू विष्वकर्मा, सुमन देवी, अनिता देवी, लिली स्टेला, बबिता देवी, शीला देवी, उर्मिला देवी, पूजा देवी सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## चामा मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज चामा मुख्य मार्ग पर दुल्ली चिलम टोंगरी के निकट सड़क दुर्घटना में एक मोटर साइकिल सवार की मौत हो गई। घटना गुरुवार शाम लगभग 5 बजे की बतायी जाती है। घटना के संबंध में मोटर साइकिल सवार अपनी होंडा एसपी 160 मोटर साइकिल नंबर जेएच-19 ई-8562 से चामा की ओर से मैकलुस्कीगंज की ओर आ रहा था। पेड़ में टकराने से मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। पुलिस को मृतक के पास से उसका आधार कार्ड व पैन कार्ड मिला है जिससे उसकी पहचान संतोष उरांव उम्र लगभग 28 वर्ष पिता केवल उरांव ग्राम किता पोस्ट सासंग थाना चंदवा लातेहार के रूप में हुई है।

# अंबा प्रसाद के सौजन्य से बचरा में कराया जायेगा कई विकास कार्य

## विभागीय अधिकारियों की टीम ने किया स्थल का निरीक्षण, कागजी प्रक्रिया चालू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिपरवार।** बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य एंव अनुशंसा से पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी एंव बचरा उतरी पंचायत के कई इलाको में कई विकास कार्य कराया जायेगा। इसको लेकर विभागीय अधिकारियों की टीम ने गुरुवार को इलाके का दौरा कर स्थल का निरीक्षण किया और आगे की कागजी प्रक्रिया शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अंबा प्रसाद के द्वारा बचरा काली मंदिर परिसर में पेबर ब्लॉक का निर्माण, बचरा गुरुद्वारा में शेड का निर्माण, बचरा मस्जिद में सामुदायिक भवन का निर्माण, बचरा राम जानकी मंदिर मे सामुदायिक भवन का निर्माण, बचरा अंबेडकर नगर में पीसीसी रोड और चबूतरा का निर्माण, बचरा बिशुझापा में पीसीसी रोड, बचरा बाजारटांड़ में सुमन सोनी के घर से बबलू सोनी के घर तक पीसीसी रोड, अशोक विहार कॉलोनी में पीसीसी रोड का निर्माण, बचरा एक नंबर में शेड आर पीसीसी रोड, नगडुआ मे राजू नायक के घर से अंतिम घर तक पीसीसी पथ निर्माण, बचरा बस्ती में इमली पेड़ से अखरा तक पीसीसी पथ निर्माण कराया जायेगा। इंजीनियर शेखर कुमार के द्वारा स्थल निरीक्षण कर जल्द ही कार्य शुरू करने की बात कही गयी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र साव, इंजीनियर शेखर कुमार, काली मंदिर सचिव प्रमोद प्रसाद, मिथलेश कुमार, काली मंदिर पुजारी बिनोद कुमार, अनिल सोनी, गुरूदयाल सिंह, बैजू सिंह, विष्णु पांडेय, तेजनाथ महतो, रविंद्र सिंह, बिनोद पासवान, नसीम अख्तर, रामननदन राम मौजुद थे।

## खूंटी प्रखंड परिसर में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



खूंटी (आजाद सिपाही)। एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी, अंचलाधिकारी जया शंखी मुर्मू, प्रखंड प्रमुख छोटराय मुंडा सहित अन्य कर्मियों द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर खूंटी में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मौके पर बीडीओ ज्योति कुमारी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए लोगों से एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

## महिला अपराध की रोकथाम के लिए स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक



खूंटी (आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक खूंटी के निर्देश पर महिला थाना खूंटी द्वारा सीएम उत्कृष्ट विद्यालय (कन्या) खूंटी में गुरुवार को महिलाओं के विरूद्ध होनेवाले अपराधों की रोकथाम के लिए स्कूल की छात्राओं और शिक्षकों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता कार्यक्रम में महिला थाना की पुलिस अवर निरीक्षक आरती लकड़ा ने स्कूल के छात्र-छात्राओं, महिला शिक्षिकाओं एवं कर्मियों को महिलाओं तथा बच्चों से संबंधित कानूनी प्रावधानों, सुरक्षा एवं सुविधाओं से अवगत कराया। उन्होंने अपराधों से बचाव और सावधानी बरतने की अपील की। साथ ही महिलाओं के अधिकार और उनके साथ दुर्व्यवहार पर कानूनी कार्रवाई आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं एवं बच्चों को परेशान किए जाने की स्थिति में तत्काल इसकी जानकारी देने के लिए महिला थाना का दूरभाष नंबर साझा किया गया एवं हेल्पलाईन नंबर डायल-112 का प्रचार-प्रसार किया गया।

# जनाधिकार मंच की बैठक: आजसू पार्टी से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बुंडू।** बुंडू के इंडियन होटल में किसान जनाधिकार मंच की बैठक की गयी। इस बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष मथुरा साहू के द्वारा बताया गया कि तमाड़ विधानसभा तथा सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो आजसू पार्टी के पदाधिकारी मुखिया और सक्रिय कार्यकर्ता गुरुवार को आजसू पार्टी से सामूहिक इस्तीफा दे रहे हैं। पार्टी के नीति और सिद्धांत से रुष्ट होकर इस्तीफा दिया जा रहा है। इस पार्टी में गरीब गुरबा आदिवासी हरिजन की पूछ नहीं है। आजसू पार्टी को विस्तार करने के लिए किसान जनाधिकार मंच के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के समक्ष 13 अगस्त 2021 को पार्टी में शामिल हुए थे लेकिन आजसू पार्टी द्वारा 3 साल तक कार्यकर्ताओं को नजर अंदाज किया गया ना ही कोई मान सम्मान मिला। मौके पर जिला सचिव मंगलदीप स्वांसी मुखिया संदीप उरांव, सिद्धार्थ मुंडा, कोलेश्वर मुंडा, रायमनी मुंडा, विकेश्वर महतो, राजेंद्र साहू, मुकेश मुंडा, बजरंग गोंझु, दिनेश गोंझु, लाल सिंह मुंडा, प्रदीप साहू, सनत सिंह, देव मुकुंद, प्रमाणिक सत्यनारायण मुंडा, दुर्गा महतो, अरुण महतो, दुर्गा यादव, बाबूलाल मुंडा, नागेश्वर महतो, एतवा मुंडा, विजय उरांव, चंद्र मोहन, स्वांसी सुनील मुंडा धूमेश्वर महली राकेश मुंडा रसराज लोहरा भूदेव मुंडा जय नंदन महतो दिलेश्वर महतो विजय साहू प्रकाश मुंडा अरविंद साहू, विरोजन मुंडा, माईकल मुंडा, मनोज गुप्ता, धनंजय महतो, मानसिंह मुंडा, घनश्याम प्रमाणिक, सोमा मुंडा, कार्तिक मुंडा, कुंदन सिंह, गोंझु कृष्ण, उरांव गुरूपद मुंडा, रामनारायण राय, अंगद मुंडा, जगबंधु मुंडा, अमीत साहू, मनोज प्रमाणिक, शाहिद सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## झारखंड पब्लिक स्कूल, मोहन नगर की छात्रा वंदना चौहान ईस्ट जोन वुशु प्रतियोगिता में लेंगी भाग



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड पब्लिक स्कूल, मोहन नगर की कक्षा 11वीं आट्र्स की छात्रा वंदना चौहान ईस्ट जोन मेरठ, उत्तर प्रदेश में होने वाले वुषू प्रतियोगिता में भाग लेंगी। वंदना ने 17 अगस्त को रांची जिला वुशु एसोसिएशन द्वारा आयोजित ट्रायल प्रतियोगिता में अपने प्रतिद्वंदी खिलाडियों को दो राउंड में हराकर 24 अगस्त से 27 अगस्त तक ईस्ट जोन मेरठ, उत्तर प्रदेश में होने वाली वुशु प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाते हुए शानदार सफलता हासिल किया। मालूम हो कि रांची जिला वुशू एसोसिएशन द्वारा आयोजित ट्रायल प्रतियोगिता में पुरे झारखण्ड से 300 से अधिक लड़कियों ने विभिन्न विद्यालयों से हिस्सा लिया था। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य सह निदेशक अभिषेक कुमार चैहान ने वंदना चौहान की सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी। वहीं उन्होने कहा की आज झारखंड पब्लिक स्कूल शिक्षा, खेल एवं कला के साथ-साथ आत्मरक्षण में भी एनके-पिपरवार का नाम रौशन कर रहा है। वहीं बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से कृष्णा चौहान (मुखिया जी) राजेश कुमार, गणेश कुमार महतो, किरण देवी, अमित चौहान, अशर्फी राम, बुटन चौहान, मुन्नू शर्मा, अजय चौहान, डॉ अरुण चैहान, मिथिलेश प्रजापति, भरत रजक, आलोक चौहान, दीपक, सुधांशु, भीष्म आदि लोग शामिल है।

## विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल ने जीएम को सौंपा मांग पत्र

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल पिपरवार मंडल समिति के द्वारा पिपरवार एरिया के महाप्रबंधक संजीव कुमार से शिष्टाचार मुलाकात किया।इस दौरान जीएम संजीव कुमार को अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय जनहित के लिए कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को महाप्रबंधक के सामने रखकर मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में मुख्य रूप से वृद्धा आश्रम बसंत विहार कॉलोनी को दुरुस्त करने, बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में एक्स-रे मशीन एवं अल्ट्रासाउंड मशीन को ठीक करने, बालिकाओं के लिए कंप्यूटर एवं हस्तकलाप प्रशिक्षण की व्यवस्था करने, सभी सार्वजनिक शौचालय की मरम्मती करने, बचरा के मुख्य सड़कों के दोनों और सुरक्षा घेरे के साथ पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने की मांग की गयी।

## बरसालडीह गांव के कुएं से शव बरामद

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** सोनाहातू थाना क्षेत्र के जिंतू पंचायत स्थित बरसालडीह गांव के कुएं से एक व्यक्ति की शव पुलिस ने बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुंडू थाना क्षेत्र के पारमडीह गांव से तीन दिन पहले एक 25 वर्षीय व्यक्ति पैंट शर्ट पहना हुआ लापता था। जिसकी लाश गुरूवार को बरसालडीह स्थित कुएं से बरामद की गयी। पुलिस पोस्टमार्टम के लिए रिंम्स भेज दिया। आशंका जतायी जा रही है, की उसकी हत्या कर शव को कुएं में डाल दिया है, शरीर पर जख्म के निशान हैं ।

## जंगली हाथी ने घर तोड़ कर खाया धान



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में बुधवार को एक जंगली हाथी ने आंनद महतो के दरवाजा को तोड़कर घर में रखे दो बोरा धान को नष्ट कर दिया। मालूम हो कि विगत कुछ दिनों से पिलिद जंगल में 15 से 20 की संख्या में जंगली हाथी डेरा डाले हुए है, रात होते ही जंगल से गांव की और विचरण करते है। वनरक्षी हड़ताल में रहने के कारण हाथियों को भागने के लिए विभाग की और से कुछ भी पहल नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण गांव के गरीब किसानों के दिन प्रतिदिन धान, फसल, घर के सामानों को नष्ट करते जा रहा है।

# बंदी सफल बनाने के लिए मंच ने जताया आभार

**खलारी (आजाद सिपाही)।** एससी एसटी के आरक्षण में उपवर्गीकरण के विरोध में आहूत भारत बन्द की खलारी में बंद सफल होने पर एससी एसटी ओबीसी एकता मंच ने सभी का आभार व्यक्त किया है। मंच के रामलखन गंझू एवं देवपाल मुंडा ने बंदी की शांतिपूर्ण सफल बनाने के लिए क्षेत्र के एससी एसटी समुदाय एवं सभी व्यवसायियों, गाड़ी मालिक, पेट्रोल पंप संचालक, कर्मियों, ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया है और आगे भी इस तरह का सहयोग करने का आग्रह किया है। मंच के नेताओं ने कहा कि एससी एसटी के आरक्षण पर जब जब छेड़छाड़ की कोशिश होगा पूरे देश में इसका पुरजोर तरीके से विरोध किया जायेगा।

# भारत बंदी की सफलता पर जताया आभार

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में 21 अगस्त को हुई भारत बंदी की सफलता पर इसमें सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया गया है। कोल इंडिया एससी/एसटी इम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव कामेश्वर राम ने सिस्टा के अलावा ऑल इंडिया एससी एसटी/बीसी ईम्पलाई कोआर्डिनेशन कांउसिल, झारखंड मुक्ति मोर्चा, जेबीकेएसएस सहित इस बंदी को सफल बनाने में अपना सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया है। आभार प्रकट करने वालो मे कामेश्वर राम, इकबाल हुसैन, बाबूलाल राम, अलबर्ट एक्का, रतन लाल, रामचंद्र उरांव, जितेंद्र कुमार, आनंद मुंडा, गीता एक्का, सरोज देवी, बालेश्वर उरांव, छोटू गंझु, सचिन पासवान, धनेश्वर गंझु सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## नौ लाभुकों के बीच सूकर का किया वितरण



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 9 लाभुकों के बीच 9 युनिट सूकर का वितरण किया गया। वही सुकर का वितरण जिला परिषद सदस्य जोतिलाल मांझी, प्रखंड प्रमुख गुरूपद मार्डी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ हरेलाल महतो, मुखिया विपीन सिंह मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। प्रति युनिट सुकर में चार मादा और एक नर सुकर दिया गया। लाभुकों के बीच बाल्टी और गमला का भी वितरण किया गया। इस दौरान प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ हरेलाल महतो ने कहा कि अलग-अलग वित्तीय वर्ष में कुल 9 लाभूकों के बीच 45 सुकर दिया गया। उन्होंने कहा कि सुकरों का रख रखाव, खान पान, पौष्टिक आहार आदि के संबंध में जानकारी दिया गया। लाभुकों को एक बाल्टी कड़ाई और दवाई भी दिया गया।

# सिविल सोसाइटी मैकलुस्कीगंज खलारी डकरा में 25 को रक्तदान शिविर का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मैक्लुस्कीगंज।** हेसालौंग शिव मंदिर स्थित मैक्लुस्कीगंज में गुरुवार को स्थानीय ग्रामीणों की एक बैठक मुखिया पुतुल देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 अगस्त को रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। रांची के सदर अस्पताल में इलाजरत थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ यह रक्तदान शिविर सिविल सोसायटी मैकलुस्कीगंज खलारी-डकरा के बैनर तले आयोजित किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी 100 से अधिक रक्तदाता शिविर में रक्तदान कर यह संदेश देने का काम करेंगे कि खलारी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले गांव के लोग भी रक्तदान करने के मामले में काफी जागरुक है। इस अवसर पर मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो, अजय कुमार, अजीत कुमार गुप्ता, भरत प्रसाद, रविंद्र साहू, रंजन कुमार साहू, चंदन कुमार, अविनाश कुमार, नागेष्वर गंझू, द्वारका प्रजापति, भोला प्रसाद साहू, हेमलाल गंझू, मनीष कुमार भगत, काली प्रसाद, कलिंदर ठाकुर, विकास कुमार साहू, संजय कुमार आदि मौजूद थे।

# जमीन के कागजात की जांच कर और रैयतों की सहमती से प्रबंधन नौकरी दे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खलारी।** केडीएच परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने विश्रामपुर के रैयतों के साथ गुरुवार को परियोजना कार्यालय में बैठक की। बैठक में विश्रामपुर के खातियानी रैयतो ने परियोजना पदाधिकारी को बताया कि गैर रैयत जो विश्रामपुर में रैयतों की जमीन के साथ जो छेड़छाड़ कर कागजात बनाकर नौकरी लेने का प्रयास कर रहे हैं। उनके कागजात और जमीन की उच्च स्तरीय जांच किया जाय, अन्यथा बिना खतियानी रैयतो एवं किसान के विष्वास में लिए बिना एवं बिना सहमति के किसी को नौकरी दिया गया तो स्थानीय रैयत प्रबंधन को खदान विस्तारीकरण में किसी तरह के सहयोग नही करेंगे और प्रबंधन को फिर केडीएच परियोजना खदान चलाने में काफी परेशानी होगी। साथ ही जमीन संबंधित मामला पर खतियानी रैयतो की शिकायत पर प्रबंधन को ध्यान देना होगा क्योंकि खदान विस्तारीकरण में रैयतो की जमीन की जरुरत होगी।

## झारखंड मिलेट मिशन योजना के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** 'मिलेट मिशन योजना' झारखंड सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इससे किसानों को कृषि कार्य में अतिरिक्त आय वृद्धि होगी। इसी को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार ने किसानों के लिए बाजरा मिशन योजना की शुरूवात की है। राज्य में बाजरा, मरुवा, ज्वार सहित अन्य मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने और किसानों को सशक्त बनाने की यह एक अग्रणी पहल है। इस योजना के तहत योग्य किसान प्रति एकड़ तीन हजार या 300 रुपए प्रति 10 डिसमिल भूमि का वित्तीय प्रोत्साहन प्राप्त कर सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भू रसीद, मोबाइल नंबर, राशन कार्ड और मरूवा खेती के भूमि क्षेत्र से संबंधित दस्तावेज जमा करने होंगे। मरुवा खेती के लिए इच्छुक किसान अपने निकटतम प्रज्ञा केंद्र में आवेदन कर सकते हैं। इधर, जल संरक्षण के क्षेत्र में पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो की एक टीम, पेयजल और स्वच्छता विभाग (रांची) और जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से अनगड़ा प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में काम कर रही है। फाउंडेशन के गांधी फेलो मुगिश आलम बताते है कि इस मिशन को सरजमीन पर उतारने में पीरामल फाउंडेशन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बाजरा उत्पादन को बढ़ाना, किसानों की आय में वृद्धि करना और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना है। फाऊंडेशन की टीम सक्रिय रूप से किसानों के बीच जागरूकता बढ़ा रही और योजना का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण करने में उनकी सहायता भी कर रही है। बताया कि अब तक लगभग 100 से भी अधिक किसानों का पंजीकृत किया जा चुका है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक आवेदन कर सरकार की इस लाभकारी योजना का लाभ उठाएं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित है।

## भाजपा नेता रामसाय मुंडा के पिता का निधन




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा (आर्या) के पिता एवं जिप सदस्य अनुराधा मुंडा के ससुर मोहरैया मुंडा (67) का बुधवार की सुबह निधन हो गया। वे अपने पीछे चार पुत्र रामसाय मुंडा, अमित मुंडा, रोहन मुंडा, सामू मुंडा एवं एक पुत्री तारा कुमारी सहित भरापुरा परिवार छोड़ गए हैं। मोहरैया मुंडा के निधन की खबर से प्रखंड समेत जिले में शोक की लहर दौड़ गई। पत्नी शुकरो देवी का निधन 24 वर्ष पहले ही हो चुका है। उधर, मोहरैया मुंडा के निधन की खबर पाकर भाजपा के कई बड़े नेता सहित आसपास के सैकड़ों लोग उनके घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। बुधवार को ही गांव के मसना स्थल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## नहीं रहे नागपुरी साहित्य के पुरोधा राम उचित सिंह



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** नागपुरी साहित्यकार राम उचित सिंह का बुधवारर को निधन हो गया। इनका जन्म 24 मार्च 1955 को गुमला जिले के कोटाम गांव में हुआ था। पिता का नाम देवेन्द्र सिंह और मां का नाम अंजनी देवी था। संप्रति ये नागपुरी साहित्य के बुजुर्गो में वरिष्ठ, संस्कृति-संस्कार के विशेष अनुभवी और ज्ञाता माने जाते थे। ग्रामीण जीवन में परवरिश होने के चलते इनमें आत्मियता का गुण भरा हुआ था। इसी कारण ये जीवनपर्यंत सभी के चहेते बने रहे। साहित्यकार के रुप में भाषा की शुद्धता और भाषा की मधुरता से विशेष लगाव था। नागपुरी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए आजीवन गीतों की रचना में निःस्वार्थ भाव से लगे रहे। ये आधुनिकता पर विरोध तो नहीं करते थे पर फुहड़ता को भाषा की गरीमा को नाश करने वाला मानते थे। आधुनिकता की अंधी दौड़ से राग, ताल और नृत्य पर घातक परिवर्तन का खतरा से बचने की सलाह देते थे। अपने जीवन काल में पावस, उदासी, अंगनई, झूमर, डमकच या अन्य रागों में काफी रचनाएं की । वे नागपुरी के सभी रागों के ज्ञाता थे। उनका नागपुरी और नागपुरी समाज के साथ-साथ झारखंडी समाज के सभी समुदायों से विशेष लगाव था । वे ग्रामीण जीवन को पसंद करते थे। झारखंडी सभ्यता-संस्कृति, रीति-रिवाज के संरक्षण - संवर्धन के साथ -साथ साहित्यकार- कलाकार के मान-सम्मान के लिए हमेशा संघर्षशील रहे। कला और कलाकार को सम्मानित करने और साहित्यिक कार्यक्रम में इनकी उपस्थिति निश्चित रूप से होती थी। वे अप्रैल महीने से बीमार चल रहे थे। लोगों से मिलना-जूलना कम कर दिए थे। फोन या वाट्सएप में गीत कविताएं लिखना बंद कर दिए थे। उनकी मृत्यु से नागपुरी जगत को एक बड़ा झटका लगा है।

## मोरहाबादी मैदान में 24 अगस्त को आक्रोश सत्याग्रह करेगा झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महादानी मैदान स्थित रंगमंच में गुरुवार को झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष जुगेश उरांव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से 24 अगस्त को रांची के मोरहाबादी में आक्रोश सत्याग्रह चलाने का आग्रह किया। कहा गया कि सभी आंदोलनकारी पारंपरिक हथियार से लैस होकर वहां पहुंचे। वक्ताओं ने चेताते हुए कहा कि सराकर चयनित आंदोलनकारियों को मान सम्मान ना देकर सड़क से सदन तक घेराव‌व धरना प्रदर्शन करने पर विवश ना करें। अगर आंदोलनकारियों मान सम्मान सरकार नहीं करती है तो आने वाले समय में आंदोलनकारी सरकार को जबाब देंगें। बैठक का संचालन सहिंद्र लकड़ा व धन्यवाद ज्ञापन विमल उरांव ने किया। मौके पर किशोर तिर्की, अमरू उरांव, मुनेश्वर साहू, मंगरु उरांव, पीटर तिर्की, सुधीर मिंज, विलियम एक्का, पीयूष तिग्गा, जतरु उरांव आदि थे।

# बेड़ो में सब्जी व्यवसायी के बेटे को गोली मारी, हालत गंभीर

## ब्लू रंग की बाइक से पहुंचे दो बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

**ऑपरेशन कर पेट से निकाली गयी गोली, हालत खतरे से बाहर, जांच में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** थाना अंतर्गत विद्युत सब स्टेशन के टिकरा बिजली ऑफिस के समीप बुधवार की रात 12 बजे बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी। उसकी पहचान प्रिंस पांडेय (25) के रूप में हुई है। वह बेड़ो का ही रहने वाला है। उसके पेट में गोली लगी है। उसके पिता पेशे से सब्ती व्यावसायी हैं। उधर, घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गए। इसके बाद घायल प्रिंस को उसके दोस्त ने बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं चिकित्सक ने



अस्पताल में इलाजरत प्रिंस पांडेय।

घटना की जानकारी थाना प्रभारी नकुल साह को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सदल बल के साथ बेड़ो सीएचसी पहुंच गये। घायल प्रिंस पांडेय ने थाना प्रभारी को बताया कि वह अपने एक दोस्त के साथ बिजली विभाग के समीप एक पार्टी में गया था। वहां से लौटने के दौरान ब्लू रंग की बाइक पर सवार होकर पहुंचे दो हमलावरों ने उस पर गोली चला दी। खबर है कि बेड़ो सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बाद में प्रिंस को रांची के ऑपरेशन जसलोक अस्पताल ले जाया गया, जहां ऑपरेशन कर उसके पेट से गोली निकाल दी गयी है। फिलहाल उसकी स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से हमलावरों का पता लगाने की कोशिश में जुट गयी है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक हमलावरों को कोई सुराग नहीं मिल सका था। थाना प्रभारी ने बताया कि दो अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# समाज को बांटने के भाजपा के मंसूबों को पूरा होने नही देंगे: बंधु तिर्की

## अल्पसंख्यकों के लिए कांग्रेस और गठबंधन सरकार पूरी तरह समर्पित : नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** पूर्व मंत्री व झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि भाजपाई नेता हमेशा समाज को बांटने की कोशिश करती है। पर झारखंड में हम भाजपा के मनसूबों को कभी पूरा नहीं होने देंगे। झारखंड सद्भावना और आपसी एकता के साथ भारतीय समाज की राजनीतिक पहचान है। बंधु तिर्की गुरुवार को इटकी मदीना मैरेज हॉल में आयोजित अल्पसंख्यक



सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज व उनके बच्चों को अच्छी की जरूरत है। वहीं, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि भाजपा अपने राजनीतिक लाभ के लिये झारखंड में नफरत का माहौल बनाने का प्रयास कर रही है। लेकिन महागठबंधन की सरकार उनके सपने को कभी पूरा नहीं होने देगी। उन्होंने लोगों को संगठित रहकर संघर्ष करने का आह्वान करते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों के लिये हमारी कांग्रेस और गठबंधन सरकार पूरी तरह से समर्पित है। आदिवासी और अल्पसंख्यकों के बीच सामंजस्य बनाकर भाजपा से हमेशा सावधान रहने की बात कही। वहीं, हाजी मुस्ताक सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखें। सम्मेलन में मजकूर आलम सिद्दीकी, मौलाना मंजूर, उरुज अंसारी, हाजी मुश्ताक, मौलाना मनीर, वसीम इकबाल, अब्बास अंसारी, तस्लीम अंसारी, हाजी मोईन, तबरेज खान, अहमद अंसारी आदि उपस्थित थे।

# आरक्षण में क्रीमीलेयर वंचित तबके को आगे लाने का प्रयास : जैलेंद्र कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** सुप्रीम कोर्ट की ओर से अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के आरक्षण व्यवस्था में क्रीमीलेयर लागू करने से संबंधित केंद्र सरकार को सलाह दिये जाने का भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार ने स्वागत किया है। जैलेन्द्र कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट का यह सलाह एक सराहनीय पहल है। कोर्ट ने अपने सलाह में कहा कि जो व्यक्ति आरक्षण का लाभ लेकर



जैलेंद्र कुमार की फाइल फोटो।

आत्मनिर्भर बन गया है वैसे लोगों को क्रीमीलेयर में लाया जाए। क्रीमीलेयर लागू होने से अभी तक आरक्षण से वंचित तबके को लाभ मिलेगा। ऐसे वंचित समाज को आगे आने में मदद मिलेगी। इस तरह से कालक्रम में अजजा-अजा समाज के सभी तबका को आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। वर्तमान समय में सिर्फ सक्षम और बारंबार आरक्षण का लाभ लेने वाले ही फिर से इसका लाभ ले रहे है। इससे इस समाज में सामाजिक खाई लगातार बढ़ती जा रही है। पिछड़ा हुआ तबका लगातार पिछड़ रहा है और सक्षम तबका और मजबूत हो रहा है। जबकी संविधान में आरक्षण की व्यवस्था समेकित विकास के लिए किया गया है। जरूरतमंद तबका को आरक्षण का लाभ नही मिल पा रहा है। वास्तव में इस मामले में केन्द्र सरकार व सुप्रीम कोर्ट के सलाह के विरूद्ध विपक्ष आरक्षण खत्म होने का गलत नेरेटिव चला रहा है। इससे समाज के लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

# बालू लदा ट्रैक्टर घर में घुसा, दबकर मजदूर की मौत

**मृतक के शव को बिना पोस्टमार्टम करवाये ही जलाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** सरकार के कड़े रुख के बाद बालू के अवैध कारोबार को लेकर पुलिस सख्त हो गयी है। गुरुवार की दोपहर करीब एक बजे पुलिस एटीएम व बैंकों की जांच के लिये वाहन से निकली थी। इसी बीच चालक ने पुलिस को अपने वाहन के पिछे आता देख लिया और




ट्रैक्टर लेकर भागने लगा। भागने में क्रम में चालक ट्रैक्टर अपना नितंत्रण खो बैठा और फुटकलटोली निवासी रतन गोप के घर में घुस गया। इस हादसे में ट्रैक्टर के पहिया के नीचे आ जाने से 20 वर्षीय नीरज मुंडा नामक युवक की मौत हो गयी। वह पेशे से मजदूर था। वहीं, रतन गोप का मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी सूचना पाकर बालू कारोबारी जुटे और नीरज को आर्या हॉस्पिटल ले गये. जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को बिना पोस्टमार्टम कराये ही अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### इकलौता संतान था नीरज

मृतक नीरज मुंडा एतवा मुंडा उर्फ भांटा का एकलौती संतान था। उसके परिवार में पिता समेत मां, दो बहनें पूनम व छोटी, पत्नी और दो बच्चे हैं। इसमें 3 साल की बेटी और 9 माह का एक पुत्र है। दुर्घटना में उसके आकस्मिक निधन से पीड़ित परिवार का सहारा ही छिन गया है।

# नशेड़ियों का अड्डा बना पुरियो आंगनबाड़ी का अर्धनिर्मित भवन

## दिन ढलते ही लग जाता है नशेड़ियों-शराबियों का जमघट

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के पुरियो गांव में आंगनबाड़ी भवन को अधूरा बनाकर छोड़ दिया गया हैं। जिसके चलते यह भवन अब शराबियों का पसंदीदता अड्डा बन गया है। दिन ढलते ही भवन के अंदर-बाहर नशेड़ी मंडराने लगते हैं। इसका पूरे गांव के माहौल पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। किसी के रोक-टोक ना होने से नशेड़ी बेफिक्र होकर यहां बैठ कर शराब व अन्य नशा का सेवन करते हैं। भवन में यत्र-तत्र शराब की खाली बोतलें, सिगरेट के बचे अवशेष पड़े है। अक्सर शराबियों के बीच मारपीट की घटनाएं होती रहती है। जिससे विवाद की स्थिति भी होने लगती है। शराबियों की धमाल चौकड़ी से आम लोगों के साथ ही यहां बच्चें





आंगनबाड़ी भवन के अंदर पड़ी शराब की बोतलें। अर्ध निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र।

व महिलाएं भी परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च करके भवन का अधूरा निर्माण कर लावारिस छोड़ दिया है। जबकि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कुपोषित लोगों को बेहतर पोषण मिल सके एवं गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर टीकाकरण आदि की व्यवस्था दी जा सके। इसके लिए सरकार की ओर से गांवों में लाखों रुपये खर्च कर आंगनबाड़ी केंद्र का भवन बनाने कार्य शुरू किया गया। लेकिन पुरियो गांव में अधूरा भवन छोड़कर ठेकेदार भाग गया। जिससे सरकार की यह योजना बेकार हो गई है। फरार ठेकेदार के खिलाफ अब तक जिम्मेदारों ने कार्रवाई तक नहीं की। एक वर्ष से भवन अधूरा पड़ा है। भवन नहीं बनने से स्थानीय लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों से मामले की जांच कराते हुए काम करने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही ग्रामीणों ने भवन के निर्माण कार्य को पूरा कराने की मांग की है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## डालसा ने 'अकेले नहीं हैं आप' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सहरांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में गुरुवार को ओल्ड एज होम हेसाग और ओल्ड एज होम बरियातू में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया गया। इसस दौरान जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर रांची डालसा की पीएलवी संगीता सिंह, प्रीति पाल और सम्पा दास उपस्थित थे। ओल्ड एज होम हेसाग में कार्यरत पीएलवी संगीता सिंह द्वारा वृद्धों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में बताया गया। जबकि बरियातू ओल्ड-एज-होम में कार्यरत पीएलवी सम्पा दास और प्रीति पाल ने वृद्धों को दी जानेवाली लिगल-एड के बारे में जानकारी दी। बतातें चलें कि 'अकेले नहीं हैं आप' टैग लाईन के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करते हुए डालसा के पीएलवी ओल्ड ओल्ड-एज-होम हेसाग और ओल्ड-एज-होम, बरियातू में रह रहे वृद्धों से मिले, उनका हाल-चाल जाना और विधिक सेवा की विस्तृत जानकारी दी। पीएलवी प्रीति पाल और सम्पा दास ने कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर आप डालसा, रांची के पीएलवी से संपर्क कर आवेदन दे सकते हैं। समस्याओं के शीघ्र निदान का प्रयास किया जायेगा।डालसा के पीएलवी ने 28 सितंबर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी।

## वाहन की चपेट में आने से वार्ड सदस्य की मौत



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रिंगरोड कवाली के समीप वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसकी पहचान बरगांवा निवासी सह वार्ड सदस्य बिमल कुमार महतो (45) के रुप में हुई है। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स अस्पताल भेज दिया है। उधर, घटना से आक्रोशित लोगों ने एक घंटा तक रिंगरोड को जाम कर दिया। नामकुम थाना पुलिस की बड़ी मशक्कत से जाम समाप्त हुआ। बताया जा रहा है बिमल ट्रैक्टर चलवाने का कार्य करता था। वह अपना बकाया पैसा लेने के लिए कवाली गांव गया था, जैसे ही रिंगरोड पहुंचा। इसी दौरान रिंगरोड में विपरीत दिशा से आ रही वाहन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

## मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीणों की बैठक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वार्ड 47 अंतर्गत नामकुम जोरार के पंडित सदन में शिव मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें ग्रामीणों ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से अधूरे पड़े शिव मंदिर का निमार्ण नहीं होना गांव के लिए दुर्भाग्य है। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अधूरे पड़े मंदिर निर्माण का कार्य आर्थीक सहयोग कर पूरा कराना है। वहीं, ग्रामीणों ने मंदिर में सहयोग करने के लिए 6203613743 एवं 9430346686 नंबर जारी किया है। बैठक में पिंटू सिंह, रिंटू सिंह, नीरज दीक्षित, अवध सिंह, संजय कुमार, एमके सिंह, अशोक शर्मा, सत्येंद्र सिन्हा, दया दिक्षित, रमीता दुबे, संजु देवी, रिना महतो आदि थे।

## चान्हो में भी एटीएस की छापामारी, एक गिरफ्तार



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस), एसटीएफ, रांची पुलिस एवं दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को रांची, लोहरदगा व हजारीबाग जिले के लगभग 16 ठिकानों पर छापामारी कर कई लोगों को हिरासत में लिया है। इनपर संदिग्ध गतिविधि में जुड़े होने का आरोप है। उनमें हजारीबाग के पेलावल से एक, लोहरदगा के कुडू थाना क्षेत्र के हेंजला से एक और रांची के चान्हो से एक संदिग्ध युवक शामिल हैं। एटीएस सभी संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। चान्हो में चार अलग-अलग जगह पर छापामारी की गयी।

## अवैध अतिक्रमण किये ठिकानों पर चला बुलडोजर

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** रांची-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग 23 में स्थित पिस्का रेलवे स्टेशन के समीप बन रहे ओवरब्रिज के दोनों किनारों पर पुरन महतो, रोपनी देवी, चंद्रमनी देवी, दिगंबर महतो और राजेश साहू ने कथित रूप से अवैध कब्जा कर लिया था। जिसे गुरुवार को नगड़ी प्रशासन द्वाराजेसीबी मशीन से तोड़ कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस संबंध में मजिस्ट्रेट के रूप में उपस्थित नगड़ी अंचल निरीक्षक अशोक सिंह ने बताया कि पिस्का रेलवे क्रॉसिंग के किनारे दोनों और के निवासियों को लगातार नोटिस जारी कर चिन्हित सरकारी जमीन पर बने घरों को शीघ्र हटाने का आदेश दिया था। पर वे घरों को हटा ही नहीं रहें थे। इसके बाद नगड़ी प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण मुक्त किया। मौके पर राजस्व कर्मचारी रश्मि रानी अमीन मोजाहिद आलम उपस्थित थे। उधर, नगड़ी सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने पिस्का ओवरब्रिज बना रहे कंपनी से रांची-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग -23 में सड़क की बदहाली को शीघ्र दुरूस्त करने को भी कहा है। बताया किक इस सड़क मार्ग से रोजाना हजारों वाहनों का आवागमन होता है। जिस कारण आधा किलोमीटर यह सड़क को वाहनों के चलने लाइक बनाएं और अपने कार्य में भी तेजी लाएं।

## लापुंग के किसानों को दिया जैविक खेती का प्रशिक्षण

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के देवगांव पंचायत के सकरपुर, गांव में राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के तहत ऑर्गेनिक फार्मिंग अथॉरिटी औफ झारखंड के बैनर तले वैदिक ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन एजेंसी रांची की ओर से किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार द्वारा प्रशिक्षण का शुभारंभ संयुक्त रूप से किया गया। उन्होंने बताया कि किसान जैविक खेती कर अपनी भूमि को लंबे समय तक उपजाऊ बनाकर टिकाऊ खेती कर सकते हैं। साथ ही कम लागत में उत्पादन कर अधिक मुनाफा कमा सकते है। मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार ने कहा कि जैविक खेती एक शून्य बजट की खेती है। इससे हम अपने गांव में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों से कई प्रकार के खाद कीटनाशक टॉनिक का निर्माण कर अपने खेतों में प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम में किसानों को नीम अर्क जीवामृत बिजामृत दसपॉर्न केंचुआ खाद आदि प्राकृतिक कीटनाशक व दवा बनाने की विधि को विस्तार से बताया।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम आभियान का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख मदूवा कच्छप व बीडीओ दीपाली भगत ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर किया। बीडीओ दीपाली भगत ने बताया कि पूरे प्रखंड के सभी पंचायतों के गांवों में मनरेगा के तहत एक पेड़ मां के नाम आभियान चलाया जा रहा है । उन्होंने सभी ग्रामीणों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आग्रह किया।

